Cambridge Assessment International Education

# Cambridge O Level

**HINDI** **3201/02**

Paper 2 Translation and Reading Comprehension **October/November 2024**

**1 hour 30 minutes**

You must answer on the enclosed answer booklet.

You will need: Answer booklet (enclosed)

**INSTRUCTIONS**
- Answer **all** questions.
- Follow the instructions on the front cover of the answer booklet. If you need additional answer paper, ask the invigilator for a continuation booklet.

**INFORMATION**
- The total mark for this paper is 55.
- The number of marks for each question or part question is shown in brackets [ ].

This document has **4** pages.

NL 337394
© UCLES 2024

## Section A – Translation

**1** Translate into **English**.

व्यक्ति की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से होती है। किसी समाज की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि आधुनिकता को अपनाने के साथ-साथ वह अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान भी बनाए रखे। नवीन विचारों को अस्वीकार करके प्रगति नहीं कर सकते हैं। वस्तुत: आधुनिकता और परम्परा के मध्य संतुलन स्थापित करना सफलता की कुंजी है। प्रौद्योगिकी आधुनिक युग के विकास को परिभाषित करती है। अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति सम्मान रखने के साथ यह आवश्यक है कि प्रौद्योगिकी के विकास के साथ कदम मिलाकर चलें।

पहचान = identity
प्रौद्योगिकी = technology

[10]

**2** Translate into **Hindi**.

An anthropologist organised a game for a group of children. He placed a basket of mangoes near a tree and made them stand 100 meters away. Then he announced that whoever reached it first would get all the mangoes in the basket. Do you know what the children did? They all held each other's hands and ran together towards the tree. They shared the mangoes equally amongst themselves and enjoyed eating them. When the anthropologist asked them why they did so, they answered, 'Ubuntu'. It meant; how can one be happy when the others are sad? 'Ubuntu' in their language means 'I am because we are.' It also translates as 'humanity towards others.'
It is an important message for all generations.

Anthropologist = मानव विज्ञानी
Ubuntu = उबुंटु
Humanity = मानवता

[20]

© UCLES 2024

## Section B – Comprehension

Do **not** translate the passage below. First read it carefully and then answer briefly and in **Hindi** the questions that follow.

एक बार पचास लोगों का दल जीवन में 'खुशियाँ पाने के उपाय' की कार्यशाला में भाग ले रहा था। कार्यशाला शुरू हुए अभी कुछ मिनट ही बीते थे कि संयोजक अचानक रुका और सभी प्रतिभागियों को एक-एक गुब्बारा देते हुए उस पर उनसे अपना नाम लिखने को कहा। सभी के ऐसा करने पर गुब्बारों को दूसरे कमरे में रख दिया गया और प्रतिभागियों को उस कमरे में जाकर पाँच मिनट में अपने नाम वाला गुब्बारा ढूँढने को कहा गया। सारे प्रतिभागी तेज़ी से कमरे में घुसे और जल्दी-जल्दी अपने नाम वाला गुब्बारा ढूँढने लगे। पर इस अफ़रा-तफ़री में किसी को भी अपने नाम वाला गुब्बारा नहीं मिला और वे ख़ाली हाथ कमरे से बाहर आए।

पाँच मिनट बाद उन सबको वापस बुलाकर संयोजक ने कहा, 'कोई बात नहीं, आप लोग एक बार फिर से कमरे में जाइए, इस बार जो भी गुब्बारा मिले उसे लेकर उस पर जिस व्यक्ति का नाम लिखा हो उसे दे दें।' इस बार जब वे कमरे में गए वे शांत थे, कमरे में कोई अफ़रा-तफ़री नहीं मची हुई थी। सभी ने एक-दूसरे को उनके नाम वाले गुब्बारे दिए और तीन मिनट में बाहर निकल आए।

संयोजक ने कहा, 'यही चीज़ हमारे जीवन में भी हो रही है। हर कोई अपने लिए ही जी रहा है। उसे इससे कोई मतलब नहीं कि वह दूसरों की किस प्रकार से मदद कर सकता है। वह तो बस अंधाधुंध अपनी ही खुशियाँ ढूँढ रहा है, पर बहुत खोजने पर भी उसे कुछ हाथ नहीं आता। हमारी खुशी दूसरों की खुशियों में छिपी हुई हैं।'

Now answer the following questions briefly, using your own words as far as possible.

**3** पचास लोग कहाँ और किसलिए गए थे? [2]

**4** संयोजक ने उनको क्या दिया? [1]

**5** संयोजक के आदेश के **तीन** विवरण दें। [3]

**6** कमरे में जाने और वहाँ से लौटने तक प्रतिभागियों की **चार** गतिविधियों का वर्णन करें। [4]

**7** आपके विचार से संयोजक की क्या प्रतिक्रिया हुई? उसने आगे क्या करने को कहा और क्यों? [3]

**8** क्या दूसरी बार प्रतिभागियों के व्यवहार और परिणाम में कोई अंतर था? **दो** बातें लिखें। [2]

**9** इस कार्यशाला से प्रतिभागियों ने क्या सीखा? अपने शब्दों में **चार** बातें लिखें। [4]

**10** किन्हीं तीन रेखांकित शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए: [6]

**(i)** अचानक

**(ii)** ढूँढना

**(iii)** फिर से

**(iv)** अंधाधुंध

**(v)** कुछ हाथ न आना

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of Cambridge Assessment. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which is a department of the University of Cambridge.